झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/24/21 – 06 ,राँची/दिनांकः25/01/2022

पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक सत्र–2021 के नियमित पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु तृतीय एवं अंतिम ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना

राज्य के राजकीय, निजी एवं पी0पी0पी0 मोड में संचालित पोलिटेकनिक संस्थानों, झारखण्ड गर्वमेट मिनी टूल रूम एवं ट्रेनिंग सेन्टर, राँची एवं दुमका के शैक्षणिक सत्र–2021 में नियमित पाठ्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कर से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु दिनांक–27.01.2022 से पर्षद द्वारा तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कार आयोजित की जा रही है।

2. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम/द्वितीय चक्र साक्षात्कार से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा/संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि तृतीय साक्षात्कार में उन्हें सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान/शाखा में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

3. मेधा–सूची में सम्मिलित तथा धनात्मक (Positive) अंक धारक उम्मीदवार उपलब्ध संस्थानों/शाखाओं में से अपने लिये शाखा/संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "All Online Counselling JCECEB-2021" Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **अभ्यर्थियों को संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।**

4. **साक्षात्कार शुल्कः**– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

5. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–4 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा अध्ययन जारी रखते हैं तो आंशिक नामांकन शुल्क की राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को

उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी। प्रथम एवं द्वितीय साक्षात्कार से नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन की राशि देय नहीं होगी।

तृतीय साक्षात्कार से संबंधित साक्षात्कार कार्यक्रम निम्नवत है:–

Time-Schedule for 3rd & Last Round of Online Counseling

1.	Online Registration and Choice Filling for seat Allotment	27.01.2022 to 02.02.2022
2.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	07/02/2022 to 14/02/2022
3.	Documents Verification and Admission in the Concerned Institute	07/02/2022 to 14/02/2022

6. आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के नियमानुसार सीटें आवंटित की जायेगी।

विज्ञापन संख्या– जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/24/21 – 26 दिनांक–12.08.2021 में निहित शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक